










# सांदीपनी स्कूल, तहसील एवं अस्पताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 21 अप्रैल।** कलेक्टर ने आज विजयपुर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान लाडपुरा-इकलौद रोड पर 24 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम अभिषेक मिश्रा, कार्यपालन यंत्री अनिल पटेल आदि उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा निर्माणाधीन अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए जिससे नवीन भवन में अस्पताल का संचालन जल्द से जल्द किया जा सके।

## कलेक्टर द्वारा विजयपुर अस्पताल का निरीक्षण

कलेक्टर द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम अभिषेक मिश्रा सहित अस्पताल के चिकित्सकगण मौजूद रहे।

कलेक्टर ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी कक्ष, जनरल वार्ड, मैटरनिटी वॉर्ड सहित उमंग हेल्थ सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती रोगी महिला श्रीमती माया पत्नी जितेन्द्र जाटव निवासी कारीपुरा से चर्चा कर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली गई। उन्होंने एनआरसी के भ्रमण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनआरसी में लाए जाने वाले बच्चों को प्रोटोकाल अनुसार पूरे समय तक देखभाल के लिए रखा जाए तथा महिला बाल विकास विभाग यह सुनिश्चित करें कि जिले की तीनों एनआरसी में बेड संख्या के मान से जरूरतमंद बच्चों को रखकर स्वास्थ्य लाभ प्रदान कराया जाए।

## सांदीपनी स्कूल भवन निर्माण का जायजा

कलेक्टर ने विजयपुर मुख्यालय पर निर्माणाधीन संदीपनी स्कूल के कार्य का जायजा लिया गया तथा निर्धारित ड्राइंग, डाइज अनुसार गुणवत्तापूर्वक कार्य पूर्ण करने के निर्देश पीआईयू के अधिकारियों को दिए गए। उल्लेखनीय है कि सांदीपनी स्कूल के लिए अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है।

## तहसील का निरीक्षण, कर्मचारियों को समय पर पहुंचने की हिदायत

कलेक्टर द्वारा आज वीरपुर तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एडीएम रूपेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि तहसील में पदस्थ सभी कर्मचारी समय पर दफ्तर पहुंचे, इसके साथ ही उन्होंने तहसील कार्यालय की साफसफाई नियमित रूप से कराए जाने के निर्देश भी दिए।



# महिला स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता पर व्याख्यान

**श्योपुर, 21 अप्रैल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर व शास. आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर के द्वारा संयुक्त रूप से नारी वंदना पखवाड़ा अंतर्गत महिला स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सालय श्योपुर से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा शाक्य ने अपने व्याख्यान में छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि अपनी नियमित दिनचर्या का पालन करते हुए प्रतिदिन व्यायाम व संतुलित भोजन व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए एवं साथ ही सर्वाइकल कैंसर, ओवेरियन कैंसर व अन्य प्रकार की बीमारियों के विषय में बताते हुए उनसे बचने के लिए समय-समय पर महिलाओं को स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ओ.पी. शर्मा ने छात्रों को संतुलित भोजन व अपने लक्ष्य पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा इस व्याख्यान में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक डॉ. संगीता शाक्य, डॉ. परवीन वर्मा अन्य सदस्य डॉ. उर्मिला बाथम, डॉ. सीमा चौकसे, डॉ. वेदांकी खंडेलवाल, डॉ. सरलेश मौर्य, घनबाई डावर व महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बिना नंबर के 26 वाहनों के चालान किए, 18500 का लगाया जुर्माना





**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 21 अप्रैल।** सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक श्योपुर के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा दुर्घटना उपरांत वाहनों की त्वरित पतारसी एवं वाहन चोरी पर अंकुश लगाने हेतु जिले में बिना नंबर के वाहनों पर सखती से कार्रवाई करने एवं उन पर रजिस्ट्रेशन नंबर मौके पर ही अंकित करवाये जाने के संबंध में विशेषअभियान चलाए जाने के निर्देश सभी थाना प्रभारीयो को प्रदाय किए गए हैं।

इसी तारतम्य में आज यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत के द्वारा हमराही जितेंद्र शर्मा, एवम् यातायात बल के साथ कोटा रोड एवं बड़ौदा रोड पर बिना नंबर के ट्रैक्टर, बस ,डंपर, कार मोटरसाइकिल आदि की चेकिंग की गई, तथा बिना नंबर के संचालित वाहनों पर मौके पर ही रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित करवाए गए। बिना नंबर अंकित किए वाहनों का चालन करने वाले चालकों के 26 चालान बनाए जाकर 18500 का समन जुर्माना 'किया गया। एवं सभी चालकों को एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने की हिदायत दी।

श्योपुर से ग्वालियर जा रही बालाजी बस में 30 सवारी ओवरलोड होने पर 6000 का चालान बनाया गया। तथा परमिट पात्रता से अधिक सवारी नहीं बिठाने की संबंध में सख्त हिदायत दी गई। यातायात पुलिस की जिले के समस्त वाहन चालकों से अपील है कि वह अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक रूप से अंकित करवाए। इसके लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट का इस्तेमाल करें। जिससे आप वाहन चेकिंग के दौरान अनावश्यक परेशानी तथा चालानी कार्रवाई से बच सके। व सड़क दुर्घटना अथवा अपराध होने की स्थिति में वाहनों की तुरंत पतारसी की जा सके।

# आवेदनों का निराकरण तत्परता से करें, साप्ताहिक समीक्षा होगी

## मौके पर ही दिव्यांग पेंशन स्वीकृत, 12 हितग्राहियों को मिलेगा आवास योजना का लाभ





**नवभारत न्यज**

**श्योपुर, 21 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री दाहिमा ने विजयपुर में आयोजित प्रथम जनसुनवाई के अवसर पर कहा कि सभी अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण तत्परतापूर्वक करें, लोग बड़ी उम्मीद के साथ जनसुनवाई में आते हैं, उन्हें शासन की मंशानुरूप न केवल योजनाओं का लाभ दिया जाए, बल्कि उनकी समस्याओं का सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण की साप्ताहिक रूप से समीक्षा की जाएगी। जनपद पंचायत विजयपुर के सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कई आवेदन मौके पर ही निराकृत किए गए।

**मौके पर ही दिव्यांग पेंशन स्वीकृत:** कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुनवई निवासी दिव्यांग बालक गोलू गौर की दिव्यांग पेंशन मौके पर ही स्वीकृत की गई, सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से स्वीकृत पेंशन के उपरांत गोलू गौर पुत्र राधेश्याम गौर को 600 रूपये मासिक पेंशन उपलब्ध होगी।

## 12 हितग्राहियों को मिलेगा आवास योजना का लाभ

कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई के दौरान पीएम आवास योजना में लाभ दिए जाने संबंधी आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, इस दौरान आवास की मांग लेकर पहुंचीं ग्राम लाडपुरा निवासी दिव्यांग महिला श्रीमती लक्ष्मी पति होरी लाल जाटव को अवगत कराया गया कि आवास सर्वे 2.0. पोर्टल पर नाम जोड़ दिया गया है। इसी प्रकार ग्राम हरदौल का पुरा से आई महिला हितग्राही श्रीमती कैलाशी बाई, श्रीमती शन्नो बाई, श्रीमती संतरा आदिवासी, श्रीमती अनुराधा सपेरा, श्रीमती रेखा, श्रीमती रवीना, श्रीमती ममता, श्रीमती मीना, श्रीमती रेशमा, श्रीमती चमीला को भी जानकारी दी कि उनके नाम आवास सूची में जोड़ दिए गए हैं। मौके पर ही एफटीओ जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आवास योजना के तहत चौथी किस्त का एफ्टीओ तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम मैदावाली निवासी श्रीमती पिस्ता आदिवासी ने बताया कि आवास की चौथी किस्त का भुगतान नहीं मिला हैं, आवेदन के परीक्षण में पाया गया कि फंड ट्रांसफर ऑडर रिजेक्ट होने से किस्त नहीं मिली, इस पर तत्काल दोबारा एफ्टीओ जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार पांचों कॉलोनी निवासी चंद्रपाल के आवेदन पर भी आवास किस्त का एफटीओ करने के निर्देश दिए।

## जन्म प्रमाण पत्र, आधार बनाएं और पेंशन का लाभ दें

कलेक्टर ने ग्राम हरदौलपूरा निवासी दिव्यांग बालक मेहताब आदिवासी के दिव्यांग पेंशन मामले में जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश देते हुए कहा कि दिव्यांग मामलों में अधिकारी मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि जो भी दस्तावेज की जरूरत हो तो उनके घर जा कर औपचारिकताएं पूर्ण की जाएं, दिव्यांग पेंशन के लिए जरूरी दस्तावेजों की पूर्ति करना संबंधित अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि 7 दिवस में सभी प्रकियाएं पूर्ण कर मानसिक दिव्यांग बालक मेहताब को पेंशन दी जाएं।

## संबल योजना में लाभ प्रदान करने के निर्देश

कलेक्टर सुश्री दाहिमा द्वारा ग्राम सारंगपुर निवासी बवन आदिवासी के आवेदन पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत लाभ दिए जाने के निर्देश दिए। आवेदक ने अपने दादाजी स्व गजा आदिवासी की सामान्य मृत्यु पर योजना के तहत लाभ दिए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था, इसके साथ ही ग्राम लाडपुरा निवासी मिथिलेश जाटव को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाए जाने के लिए प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

# फिजूलखर्ची पर लगा विराम, सामाजिक एकता का दिया संदेश

## सांसद की मौजूदगी में गूंजे मंगल गीत





**विजयपुर, 21 अप्रैल।** क्षेत्र के इकलौद अगरा वारे के पार्वती बड़ौदा गांव में आयोजित कुशवाह समाज का 25वां सामूहिक विवाह सम्मेलन इस वर्ष भव्यता, अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आया। पूरे आयोजन में परंपरा, संस्कृति और सादगी का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने हर किसी का मन मोह लिया। सम्मेलन में एक साथ 42 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं आयोजन की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठजनों ने की।

जैसे ही दूल्हों ने पारंपरिक रीति से तोरण मारा, पूरा पांडाल तालियों और खुशियों से गूंज उठा। इसके बाद वरमाला की रस्म संपन्न हुई और मंत्रोच्चारण के बीच अग्नि के साक्षी में सभी वर-वधुओं ने सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ों को वधुओं के लिए घरेलू उपयोगी सामग्री एवं जेवरात उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। समाजसेवी बनवारीलाल कुशवाह सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी कन्याओं को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। विशेष रूप से सभी नवदम्पतियों को महात्मा ज्योतिबा फुले एवं मां सावित्री फुले की तस्वीरें भेंट कर उन्हें शिक्षा, समानता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति का मूल आधार शिक्षा और संस्कार हैं। प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के साथ-साथ विवाह जैसे महत्वपूर्ण निर्णय भी परिवार की सहमति और सादगी से करने चाहिए।

उन्होंने सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों को समय की जरूरत बताते हुए इसे और अधिक बढ़ावा देने की अपील की। आयोजन समिति इकलौद-अगरा क्षेत्र ने बताया कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची पर रोक लगाना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। ऐसे आयोजनों से जहां आर्थिक बोझ कम होता है, वहीं सामाजिक एकजुटता भी सुदृढ़ होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को सुखद एवं सफल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। यह आयोजन न केवल एक सामाजिक कार्यक्रम रहा, बल्कि समाज में एकता, सादगी और संस्कारों का प्रेरणादायक संदेश भी दे गया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष परीक्षत धाकड, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा, मंडल अध्यक्ष (अगरा) रामलखन कुशवाह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हरिकिशन कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष (विजयपुर) उदयसिंह कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष महेश कुशवाह (ढावा), जिला पंचायत सदस्य धारासिंह कुशवाह, कुशवाह महासभा विजयपुर के अध्यक्ष रामजी लाल कुशवाह, क्षेत्रीय अध्यक्ष उदयसिंह कुशवाह, अठाईसी वारे के अध्यक्ष लच्छाराम कुशवाह, टेंटरा क्षेत्र के अध्यक्ष रामस्वरूप कुशवाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धनसिंह कुशवाह, सम्मेलन कार्यकारिणी अध्यक्ष रघुनाथ कुशवाह, वरिष्ठ समाजसेवी रामकिशोर कुशवाह, महेश कुशवाह, दिलीप कुशवाह, कन्हैया कुशवाह, सुनील कुशवाह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी आयोजन के साक्षी बने।

## जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई में आते 75 आवेदन

**श्योपुर, 21 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा इस अवसर पर ग्राम विजरपुर निवासी श्याम वैष्णव को मौके पर ही वृद्धावस्था पेंशन का लाभ प्रदान कराने की कार्यवाही की गई तथा स्वीकृति आदेश सौंपा गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाओं की सभा एवं रैली आयोजित

**श्योपुर, 21 अप्रैल।** कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत चयनित महिला हितैषी ग्राम पंचायत कराहल में महिला सभा एवं रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर सीडीपीओ श्रीमती सुषमा सोनी, एनआरएलएम से श्रीमती सोनिया परिहार आदि उपस्थित रहीं। रैली का आयोजन जनपद पंचायत कराहल से किया गया और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई के माध्यम से समस्याओं का किया निराकरण

## मौके पर ही दिव्यांग पेंशन स्वीकृत, 12 हितग्राहियों को मिलेगा आवास योजना का लाभ



**विजयपुर, 21 अप्रैल.** कलेक्टर ने विजयपुर में आयोजित प्रथम जनसुनवाई के अवसर पर कहा कि सभी अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण तत्परतापूर्वक करें, लोग बड़ी उम्मीद के साथ जनसुनवाई में आते हैं, उन्हें शासन की मंशानुरूप न केवल योजनाओं का लाभ दिया जाए, बल्कि उनकी समस्याओं का सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण की साप्ताहिक रूप से समीक्षा की जाएगी। जनपद पंचायत विजयपुर के सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कई आवेदन मौके पर ही निराकृत किए गए। कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुनवई निवासी दिव्यांग बालक गोलू गौर की दिव्यांग पेंशन मौके पर ही स्वीकृत की गई, सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से स्वीकृत पेंशन के उपरांत गोलू गौर पुत्र राधेश्याम गौर को 600 रूपये मासिक पेंशन उपलब्ध होगी। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई के दौरान पीएम आवास योजना में लाभ दिए जाने संबंधी आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, इस दौरान आवास की मांग लेकर पहुंचीं ग्राम लाडपुरा निवासी दिव्यांग महिला श्रीमती लक्ष्मी पति होरी लाल जाटव को अवगत कराया गया कि आवास सर्वे 2.0. पोर्टल पर नाम जोड़ दिया गया है। इसी प्रकार ग्राम हरदौल का पुरा से आई महिला हितग्राही श्रीमती कैलाशी बाई, श्रीमती शन्नो बाई, श्रीमती संतरा आदिवासी, श्रीमती अनुराधा सपेरा, श्रीमती रेखा, श्रीमती रवीना, श्रीमती ममता, श्रीमती मीना, श्रीमती रेशमा, श्रीमती चमीला को भी जानकारी दी कि उनके नाम आवास सूची में जोड़ दिए गए हैं। मौके पर ही एफटीओ जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा आवास योजना के तहत चौथी किस्त का एफटीओ तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए। ग्राम मैदावाली निवासी ने बताया कि आवास की चौथी किस्त का भुगतान नहीं मिला हैं, आवेदन के परीक्षण में पाया गया कि फंड ट्रांसफर ऑडर रिजेक्ट होने से किस्त नहीं मिली, इस पर तत्काल दोबारा एफटीओ जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार पांचों कॉलोनी निवासी श्री चंद्रपाल के आवेदन पर भी आवास किस्त का एफटीओ करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्राम हरदौलपूरा निवासी दिव्यांग बालक मेहताब आदिवासी के दिव्यांग पेंशन मामले में जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश देते हुए कहा कि दिव्यांग मामलों में अधिकारी मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि जो भी दस्तावेज की जरूरत हो तो उनके घर जा कर औपचारिकताएं पूर्ण की जाएं, दिव्यांग पेंशन के लिए जरूरी दस्तावेजों की पूर्ति करना संबंधित अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि 7 दिवस में सभी प्रकियाएं पूर्ण कर मानसिक दिव्यांग बालक मेहताब को पेंशन दी जाएं। कलेक्टर ने ग्राम सारंगपुर निवासी बवन आदिवासी के आवेदन पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत लाभ दिए जाने के निर्देश दिए।

आवेदक ने अपने दादाजी स्व. गजा आदिवासी की सामान्य मृत्यु पर योजना के तहत लाभ दिए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था, इसके साथ ही ग्राम लाडपुरा निवासी मिथिलेश जाटव को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाए जाने के लिए प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

**दाना-पानी अभियान के तहत सकोरा पात्र रखने की अपील**

# प्रकृति का संरक्षण हमारा मानवीय दायित्व : कलेक्टर



**श्योपुर, 21 अप्रैल।** कलेक्टर ने जनपद सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रकृति का संरक्षण करना हमारा मानवीय दायित्व है। वर्तमान में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित है, इसके तहत लोगों को जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जायें। जल संरचनाओं कुएं, बावडियों, नदियों, तालाबों को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दिया जायें। उन्होंने कहा कि पानी हमारे जीवन में प्रकृति का अमूल्य उपहार है, इसलिए पानी का उपयोग कदापि नही करें। जल संरक्षण के कार्यो को पूरी ईमानदारी के साथ किया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किये जाये, तथा वर्षाजल को सहेजने के इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जायें।

कलेक्टर ने कहा कि दाना-पानी अभियान के तहत सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं आमजन अपने-अपने घरो, बालकनी, छत, आंगन इत्यादि खुले एवं छायादार स्थानों पर बेजुबान पक्षियों के लिए सकोरा पात्र रखें और उनमें नियमित रूप से पानी भरें, जिससे पक्षियों को ग्रीष्मकाल में पीने के लिए पानी की उपलब्धता आसानी से हो सकें। उन्होंने कहा कि पानी के साथ ही पक्षियों के लिए दाना भी रखा जायें, इसके साथ ही उन्होंने ग्रामों में पशु होद बनाये जाने तथा पानी की व्यवस्था करने के निर्देश भी दियें।

**छिमछिमा हनुमान मंदिर पर दर्शन कर लगाये सकोरा पात्र :** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने विजयपुर भ्रमण के दौरान प्रसिद्ध एवं प्राचीन छिमछिमा हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन किये तथा पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद रहें। कलेक्टर ने छिमछिमा हनुमान मंदिर परिसर में स्थित पेडो पर मंदिर समिति की ओर से सकोरा पात्र टांके गये और उनमें दाना-पानी रखा गया। साथ ही तहसील कार्यालय वीरपुर में भ्रमण के दौरान भी सकोरा पात्र टांके गये।

# पैसों के विवाद में कलयुगी बेटे ने पिता को मारी गोली, मौत

**बड़वानी, 21 अप्रैल.** जिले के पिछोड़ी गांव में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां महज रुपयों के विवाद में एक बेटे ने अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी. आरोपी बेटे ने बहस के दौरान अपने पिता की कनपटी पर पिस्टल सटाकर गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय आरोपी चंदन बडोले पहले वेल्डिंग की दुकान चलाता था. वह पिछले काफी समय से अपने पिता जगन बडोले 58 पर पैसों के लिए दबाव बना रहा था. पिता ने उसे पहले भी दो लाख रुपये दिए थे, लेकिन चंदन की मांगें खत्म नहीं हो रही थी. इसी बात को लेकर दोनों में तीखी बहस हुई जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई. परिजनों ने बताया कि परिवार के पास कुल 7 एकड़ जमीन है. आरोपी चंदन जमीन और रुपयों को लेकर घर में झगड़ा करता रहता था. पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान पर आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. मृतक के शव का पोस्ट मार्टम परिजनों की उपस्थिति में किया. कोतवाली थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच में लिया है.